ईन्दु-षड्-रस-लेशा कही, ए संवछर संख्या कही
संख्या कही फागुण सुदि एकादशी ए ।
ए तवन कीउ हर्षि करी, श्री गुरु चरण हीइ धरी,
मनि धरी भगतिराग **श्रीमंधिर** तणुए ॥४०॥

तपगछनायक सुखदायक, श्री **विजयदानसूरीश्वरु,**
उवझाय मुनिवर **हर्षसागर**, तासु गच्छि दिनकरु ॥
तस सीस कहइ, जिनवदन ताहरुं **कमलसागर** सोहइ ए
तुम्ह चरणि मुझ मनि, अतिहि लीणु युं भमर मालती मोहइ ए ॥४१॥

इति चोत्रीश अतिशयस्तवनं संपूर्ण ॥
॥ समाप्त ॥

C/o. किरीट ग्राफिक्स
रतनपोळ, अमदावाद-१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पत्र चर्चा

(१)

जसराज ही जिनहर्षगणि हैं

म. विनयसागर

अनुसन्धान के अंक ३५, पृष्ठ-५३ से ५८ तक कवि जशराजकृत दोघकबावनी प्रकाशित हुई है। इसकी सम्पादिका साध्वी श्री दीप्तिप्रज्ञाश्रीजी हैं। इस दोधकबावनी के प्रारम्भ में कवि-परिचय के सम्बन्ध में सम्पादिका ने लिखा है :- *सं. १७३० मां अषाढ शुदि नोमने दिने मूल नक्षत्रमां अ. दोधक बावनी तेमणे बनावी छे तेवुं तेमणे छेल्ला-५२मां दोहामां लख्युं छे. पण पोते क्यांना छे तथा साधु हता के गृहस्थ, तेवी कोई वात तेमणे लखी नथी, एटले तेमना विषे वधु वीगतो मळवानुं मुश्केल छे.*

वस्तुतः जसराज उनका बाल्यावस्था का नाम था। दीक्षा ग्रहण करने पर जिनहर्षगणि बने थे। खरतरगच्छ की परम्परा के अनुसार जब भी कोई आचार्य पट्टधर बनता था तो अपने कार्यकाल में ८४ दीक्षा नन्दियों में से एक से अधिक नन्दियों का प्रयोग करता था। दीक्षा नन्दी में २०-२५ या अधिक दीक्षाएँ होने के पश्चात् वह नन्दी परिवर्तन कर देता था। जैसे बाल्यावस्था का नाम जसराज था ओर दीक्षा का नाम जिनहर्ष बना। बाल्यावस्था का नाम लोकजिह्वा पर प्रतिष्ठित होने के कारण वह नाम अन्त तक चलता रहा। जसराज, जिनहर्ष बनने पर भी स्वयं की कृतियों में दोनों नामों का प्रयोग करते थे।

ये खरतरगच्छीय श्रीजिनकुशलसूरि की परम्परा में क्षेमकीर्ति शाखा में उ. शान्तिहर्षगणि के शिष्य थे। इनकी प्रथम रचना **चन्दन मलयागिरि चौपई** १७०४ में रचित है। अतः आपका जन्म समय लगभग १६८५ और दीक्षा समय १६९५ से १६९९ के मध्य माना जा सकता है। यह भी सम्भव है कि इनकी दीक्षा जिनराजसूरि के कर-कमलों से हुई हो। कवि का प्रारम्भिक जीवन राजस्थान में ही बीता। विक्रम संवत् १७३६ में कवि पाटण गये और वहीं के हो गये। १७३६ से लेकर १७६३ तक पाटण में ही रहे। यही कारण है कि प्रारम्भिक रचनाओं में राजस्थानी का अधिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रभाव है, बाद की रचनाओं में गुजराती का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है । ये अपने विषय के निष्णात विद्वान् थे । भाषा कवियों में समयसुन्दरोपाध्याय के बाद इनको स्थान दिया जा सकता है ।

हमें जो दीक्षा नन्दी सूची प्राप्त हुई है वह विक्रम संवत् १७०७ से है । जिनहर्षगणि की दीक्षा इसके पूर्व ही हो चुकी थी इसलिए प्राप्त दीक्षा नन्दी सूची में इसका उल्लेख नहीं है । प्रश्न उपस्थित होता है कि शान्तिहर्ष और जिनहर्ष गुरु शिष्यों की हर्षनन्दी कैसे स्थापित हुई ? सम्भावना है कि शान्तिहर्ष और जिनहर्ष पूर्व में पिता-पुत्र रहें हों, दीक्षा एक साथ हुई हो अथवा पुत्र की दीक्षा कुछ समय के भीतर ही हुई हो तो दोनों की हर्षनन्दी हो सकती है ।

इनकी अनेकों कृतियाँ प्राप्त होती है । रास साहित्य पर तो इनका एकाधिकार था । कुमारपाल रास (रचना संवत् १७४२) यह रास आनन्द काव्य महोदधि में प्रकाशित हो चुका है । इनकी रास संज्ञक रचनाएँ ७० के लगभग हैं । स्फुट रचनाएँ लगभग ४०० हैं । स्फुट रचनाओं का संग्रह भी अगरचन्दजी नाहटा द्वारा सम्पादित जिनहर्ष ग्रन्थावली में प्राप्त है । इसका प्रकाशन विक्रम संवत् २०१८ में सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बीकानेर से हुआ था । इनकी समस्त कृतियों के नाम की जानकारी के लिये देखें **खरतरगच्छ साहित्य कोश** । यह दोधक बावनी जिनहर्ष ग्रन्थावली में दूहा बावनी के नाम से पृष्ठ ९४ से ९९ तक प्रकाशित है । दोधक संस्कृत का रूप है जब कि दोहा भाषा का रूप है ।

अतः यह कहा जा सकता है कि दोधक बावनी के कर्ता जसराज खरतरगच्छीय क्षेमकीर्ति परम्परा के उ. शान्तिहर्षगणि के शिष्य थे, और इनकी शिष्य परम्परा कुछ वर्षों पूर्व ही निःशेष हुई है । भविष्य में सम्पादिका संशोधन करने का कष्ट करेंगी ।

—X—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२)

उ. चरित्रनन्दी की गुरुपरम्परा एवं रचनाएं

अनुसन्धान के अंक ३५, सन् २००६ में पृष्ठ ३१ से ४८ तक महोपाध्याय चारित्रनन्दी विरचित **चतुर्दश पूर्व पूजा** प्रकाशित हुई है । इसके सम्पादक हैं आचार्य श्रीविजयशीलचन्द्रसूरिजी म. । दुर्लभ एवं महत्त्वपूर्ण पूजा का सम्पादन कर आचार्यश्री ने साहित्यिक जगत् पर उपकार किया है।

पूजा के पूर्व में कवि की गुरु परम्परा देते हुए सम्पादक ने लिखा है :- 'खरतरगच्छना जिनराजसूरि, तेमना पाठक रामविजय, तेमनी परम्परा क्रमशः सुखहर्ष (?)-पदमहर्ष-कनकहर्ष-महिमहर्ष-चित्रकुमार-निधिउदय (के उदयनिधि ?)-चारित्रनन्दी आम पंक्तिओ परथी उकले छे. आमां क्षति होय तो सुधारी शकाय ! संवत १८९५ मां आ पूजा कविए रची छे ते तेमणे ज नोध्युं छे.'

इस वाक्यावली में प्रयुक्त आमां क्षति होय तो सुधारी शकाय ! शब्दों ने ही मुझे प्रेरित किया है ।

खरतरगच्छ के गणनायक जिनसिंहसूरि के पट्टधर जिनराजसूरि हुए। जिनराजसूरि की ही शिष्यपरम्परा में उपाध्याय निधिउदय हुए । सम्भव है इनका बाल्यावस्था का नाम नवनिधि हो । इन्हीं के शिष्य उपाध्याय चारित्रनन्दी हुए जो चुन्नीजी महाराज के नाम से प्रसिद्ध थे । चारित्रनन्दी जैन न्यायदर्शन, काव्य, व्याकरण और पूजा साहित्य के उद्भट विद्वान् थे । उनके समय में काशी में जैन विद्वानों में इनका अग्रगण्य स्थान था । इनका साहित्य सृजन काल १८९० से लेकर १९१५ तक है ।

खरतरगच्छ साहित्य कोश के अनुसार चारित्रनन्दी की निम्न रचनाएं प्राप्त होती हैं :-

१. **स्याद्वादपुष्पकलिकाप्रकाश स्वोपज्ञ टीकासह,** न्यायदर्शन, संस्कृत, १९१४, अप्रकाशित, हस्त. सिद्धक्षेत्र साहित्यमन्दिर, पालीताणा, जिनयशसूरिज्ञान भं., जोधपुर
२. **प्रदेशी चरित्र,** भाषा-संस्कृत, सर्ग ९, रचना संवत् १९१३, स्थान स्तम्भतीर्थ । अप्रकाशित, श्री पुण्यविजयजी संग्रह, एल.डी. इन्स्टीट्यूट,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहमदाबाद, क्रमाङ्क ४५९३

३. **सद्रत्नसार्द्धशतक,** प्रश्नोत्तर, संस्कृत, १९०९ इन्दौर, अ., ह. आचार्यशाखा ज्ञान भं., बीकानेर, कान्तिसागरजी संग्रह

४. **श्रीपालचरित्र,** कथा चरित्र, संस्कृत, १९०८, अप्रकाशित, हस्त. कान्तिविजय संग्रह, बड़ौदा १९१०, स्वयं लि.

५. **चतुर्विंशति जिन स्तोत्र,** स्तोत्र, संस्कृत, १९वीं, अप्रकाशित, हस्त. खरतरगच्छ ज्ञान भं., जयपुर

६. **प्रश्नोत्तररत्न,** प्रश्नोत्तर, हिन्दी, २०वीं, अप्रकाशित, हस्त. सदागम ट्रस्ट, कोडाय

७. **चौवीसी-जिन स्तवन चौवीसी,** चौवीसी साहित्य, हिन्दी, २०वीं अप्रकाशित, हस्त. खजांची संग्रह रा.प्रा.वि.प्र., जयपुर

८. **इक्कीसप्रकारी** पूजा, पूजा, प्राचीन हिन्दी, १८९५ बनारस, अप्रकाशित, हस्त. विनय. प्रतिलिपि, हरिसागरसूरि ज्ञान भं., पालीताणा

९. **एकादश अङ्गपूजा,** पूजा, हिन्दी, १८९५, अप्रकाशित (अनु. ३५ में प्रकाशित), हस्त. नाहर संग्रह, कलकत्ता

१०. **चौदह पूर्व पूजा,** पूजा, हिन्दी, १८९५, अप्रकाशित, (अनुसं. ३५ में प्रकाशित) हस्त. नाहर संग्रह, कलकत्ता

११. **नवपद पूजा,** पूजा, राजस्थानी, २०वीं, अप्रकाशित, उल्लेख, जैन गुर्जर कविओ भाग-३, पृ. ३३६

१२. **पंच कल्याणक पूजा,** भाषा-प्राचीन हिन्दी, रचना संवत् १८८९ कलकत्ता, महताबचन्द के आग्रह से । अप्रकाशित, विनय प्रतिलिपि

१४. **पञ्च ज्ञान पूजा,** पूजा, हिन्दी, १९वीं, मुद्रित, जिन पूजा महोदधि, हस्त., विनय. प्रतिलिपि

१५. **समवसरण पूजा,** प्राचीन हिन्दी, १९१...खम्भात, अप्रकाशित, हस्त. नाहर संग्रह, कलकत्ता

१६. **नवपद चैत्यवन्दन स्तवन स्तुति, गीत स्तवन,** प्राचीन हिन्दी, २०वीं, मु., हरिसागरसूरिज्ञान भं., पालीताणा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेरे समक्ष प्रदेशी चरित्र, पञ्चकल्याण पूजा, पञ्चज्ञान पूजा और इक्कीस प्रकारी पूजा-चार कृतियाँ है । अतः इन चारों कृतियों के आधार पर ही उनकी गुरु परम्परा और उनके दीक्षान्त नामों पर विचार किया जाएगा ।

कवि ने अपनी पूर्व गुरु परम्परा देते हुए प्रदेशी चरित्र में लिखा है :-

श्रीमत्कोटिकसद्गणेन्दुदुकुलश्रीवज्रशाखान्तरे
मार्त्तण्डर्षभसन्निभः खरतरव्योमाङ्गणे सूरिराट् ।
श्रीमच्छ्री**जिनराजसूरि**रभवच्छ्री**सिंह**पट्टाधिपः
श्रीजैनागमतत्त्वभासनपटुः स्याद्वादभावान्वितः ॥३३॥

तत्पादाम्बुजहंस**रामविजयः** संविग्नसद्वाचको-
ऽभूज्जैनागमसागरप्रमथनैस्तत्त्वामृतस्वीकृतः ।
तद्वैनेयसुवाचको गुणनिधिः श्री**पद्महर्षो**ऽभवत्
यः संविग्नविचारसारकुशलः पद्मोपमो भूतले ॥३४॥

तच्छिष्यः **सुखनन्दनो** मतिपटुः सद्वाचको विश्रुत-
स्तत्त्वातत्त्वविचारणे पटुतरोऽभूत्तत्त्वरत्नोदधिः ।
तद्वैनेयसुवाचकोऽब्धिजनकाद् वादीन्द्रचूडामणि-
ज्ञानध्यानसुरङ्गरङ्गतदृशोऽभूदात्मसंसाधकः ॥३५॥

तत्पट्टे **महिमा**भिध**स्तिलक**युक् सद्वाचकोऽभूद्वरः
शिष्याणां हितकारको मुनिजनाच्छिक्षाप्रवृत्तौ पटुः ।
तत्पट्टे **कुम**रोत्तरो मुनिवरोपाध्याय**चित्रा**भिधः
ख्यातोऽभूद्धरणीतले शमयुतो ब्रह्मक्रियायां रतः॥३६॥

तत्पादाम्बुजभृङ्गसेवनपरोपाध्याय**निद्धयुदयो**
मिथ्यावादविनिर्जितेन विहितोऽर्हच्छासनोद्द्योतकम् ।
तच्छिष्यः सरहंसकिङ्करसमोपाध्यायचारित्रकः
चक्रेऽहं चरितं प्रदेशिनृपतेर्जैनागमाब्धेर्मुदा ॥३७॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके अनुसार पूर्व गुरु परम्परा इस प्रकार बनती है :-

जिनसिंहसूरि (युग. जिनचन्द्रसूरि के पट्टधर)

↓

जिनराजसूरि

↓

उ. रामविजय

↓

उ. पद्महर्ष (संविग्न)

↓

उ. सुखनन्दन

↓

उ. महिमतिलक

↓

उ. चित्रकुमार

↓

उ. निधिउदय

↓

उ. चारित्रनन्दी

इस चतुर्दश पूर्व पूजा में उल्लेखित सुखनन्दन और महिमतिलक के बीच में कनककुमार का नाम नहीं मिलता है ।

पंचकल्याण पूजा रजना प्रशस्ति में इस प्रकार उल्लेख है :-

तसु आज्ञायें भगति उदार स्तुति कल्याणक संघ हितकार । भ० १०
ग्याननिधिगुणमणिभंडार **महिमतिलक** पाठक सुखकार । भ० ११
ततपंकज मधुकर सुखपीन **चित्रकुमर लबधी** गुणलीन । भ० १२
ततपद **निधिउदयज** भांन जिनआज्ञाप्रतिपालक जांन । भ० १३
भावनन्दी गुरुपदअनुरक्त भ्रातृ चारित्रनंद कीधी जिनभक्ति । भ० १४

इसमें महिमतिलक के बाद की ही गुरु परम्परा दी है और भावनन्दी को अपना गुरुभ्राता बतलाया है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचज्ञान पूजा रचना प्रशस्ति में लिखा है :-

खरतरपति **जिनसिंहपटधार** श्री **जिनराजसूरिंद** सुखकार । भ० ६
तसु पदपंकज मधुप सुशिष्य पाठक रामविजय गुणमुख्य । भ० ७
तसु शिष्य वरवाचकश्री **पद्म-हरख** हरखधर शिवसुखसद्म । भ० ८
तसु वैनेय पाठकपदधार **सुखनंदन** गुणमणिभंडार । भ० ९
तसुपद **कनकसागर** अभिधान पाठकपदधारक सुविहान । भ० १०
तसुपद सरकजहंससमान पाठक **महिमतिलक** गुणखान । भ० ११
कुमरुत्तर तसु उभय सुशिष्य **चित्रलबधि** पंडितजनमुख्य । भ० १२
तसुशिष्य **निधिउदयगणि** जाणि गुरुपदकजमकरं समान । भ० १३
तासुशिष्य वर **चारित्रनन्द** पणनाणस्तुति रचि आनंद । भ० १४

इसमें अपनी परम्परा जिनसिंहसूरि से ही प्रारम्भ की है । सुखनन्दन के बाद कनकसागर का नाम दिया है और चित्रकुमार तथा लब्धिकुमार को गुरु भ्राता लिखा है ।

इक्कीस प्रकारी पूजा की रचना प्रशस्ति में लिखा है :-

गच्छेशसत्**खरतरा**ह्वयगच्छसिद्धः भव्याब्जकाननमलंकृतभानुरूपः ।
आचारपञ्चशुभपालनसावधानो सूरीन्द्रराज**जिनराज**मभूत्प्रसिद्धः ॥२॥

वादीन्द्रवृन्दघटमुद्गरतुल्यभावं तच्छिष्य**रामविजयो** वरवाचकोऽभूत् ।
सिद्धान्ततत्त्वसद्भावितधीप्रचण्डस्तच्छिष्यवाचकवरोऽभूत्**पद्महर्षः** ॥३॥

जैनेन्द्रशासनप्रकाशकचन्द्रतुल्यस्तच्छिष्यवाचकवरो **सुखनन्दनो**ऽभूत् ।
श्रीपाठकः **कनकसागर** तस्य शिष्योऽभूद्भव्यपङ्कजसमूहविबोधभानुः ॥४॥

सद्वाचकोऽग्रतिलको **महिमा**भिधानोऽभूद्दीक्षितौ प्रवचनाष्टसुमातृचारिः ।
जैनेन्द्रशासनविभासकचन्द्रतुल्यौ शिष्यावभूत्**सुकुमरुत्तरलब्धिचित्रौ** ॥५॥
शौण्डीर्यधैर्यगुणरत्नकरण्डकेयस्तच्छिष्य**निद्धिउदया**ह्वयभू जयन्तु ।
चारित्रनन्दिविनयेन विनिर्मितेयं अर्हत्सुनेमिदिवसेषु धृतिग्रहेषुः ॥६॥

इस प्रशस्ति में जिनराजसूरि से अपनी परम्परा प्रारम्भ की है । इसमें भी सुखनन्दन के बाद कनकसागर का नाम दिया गया है । चित्रकुमार और लब्धिकुमार को गुरुभ्राता लिखता है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खरतरगच्छ दीक्षा नन्दी सूची में (जो कि बीकानेर बड़ी गद्दी, आचार्य शाखा और जिनमहेन्द्रसूरि मण्डोवरी शाखा का) इन नामों का उल्लेख न होने से स्वयं संदेहग्रस्त था कि यह परम्परा जिनराजसूरि परम्परा, जिनसागरसूरि परम्परा और जिनमहेन्द्रसूरि की परम्परा में नहीं थे किन्तु किस परम्परा के अनुयायी थे यह मेरे लिए प्रश्न था । किन्तु पंचकल्याणक पूजा में कवि ने स्वयं यह उल्लेख किया है :-

श्री**अक्षयजिन**चन्द्रं पंचकल्याणयुक्तं
सुनिधिउदयवृद्धिं **भावचारित्रनन्दी** ।
भवजलधितरण्डं भक्तिभारैः स्तुवंति
अविचलनिधिधामं ध्याययन्प्राप्नुवन्ति ॥१॥
गणाधीशौदार्यो गुणमणिगणानां जलनिधिः
गभीरोभूच्छ्रीमान्प्रवरजिनराजाक्षगणभृत्
सुरिन्द्रस्तत्पट्टे द्युमणिजिनरंगः सुरतरुः
बृहद्गच्छाधीशो **खरतर**गणैकाम्बुजपतिः ॥२॥
क्रमादायातं श्री**जिनअखयसूरी**न्द्रगणभृ-
दभून्नृणां तापं तदुपशमनं पूर्णशशिभृत्
गभस्तिस्तत्पट्टे भविकजसुबोधैकरसिको
भुवौ विख्यातं श्रीप्रवर**जिनचन्द्रो** विजयते ॥३॥

अर्थात् जिनराजसूरि के पश्चात् शाखाभेद होकर जिनरङ्गसूरि शाखा का उद्भव हुआ । जिनरङ्गसूरि परम्परा में श्रीजिनाक्षयसूरि के पट्टधर श्रीजिनचन्द्रसूरि के विजयराज्य में यह पूजा रची गई । चारित्रनन्दी की परम्परा जिनरङ्गसूरि शाखा की आदेशानुयायिनी रही । इस शाखा की दफ्तर बही प्राप्त न होने से इस परम्परा के उपाध्यायों का दीक्षा काल का निर्णय नहीं कर सका ।

१९वीं शताब्दी के अन्त में और २०वीं शताब्दी के प्रारम्भ में काशी में चारित्रनन्दी और जिनमहेन्द्रसूरि अनुयायी नेमिचन्द्राचार्य और बालचन्द्राचार्य कुशलपश्यति, जैन विद्वानों में विख्यात थे अर्थात् इनका बोलबाला था । इसी समय के विजयगच्छीय उपाध्याय हेमचन्द्रजी का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कलकत्ता में प्रौढ़ विद्वानों में स्थान था ।

चारित्रनन्दी के शिष्य चिदानन्द प्रथम थे । जिनका प्रसिद्ध नाम कपूरचन्द था । वे क्रियोद्धार पर संविग्नपक्षीय साधु बन गए थे और उनका विचरण क्षेत्र अधिकांशतः गुजरात ही रहा । चिदानन्दजी प्रथम अच्छे विद्वान् थे अध्यात्म ज्ञानी थे और उन्हीं पर उनकी रचनाएं होती थी । उनकी लघु रचनाओं बहोतरी का संग्रह भी चिदानन्द (कर्पूरचन्द्रजी) कृत पद संग्रह (सर्व संग्रह) भाग १ एवं २ जो कि श्री बुद्धि-वृद्धि कर्पूरग्रन्थमाला की ओर से शा. कुंवरजी आनंदजी भावनगर वालों की ओर से संवत् १९९२ में प्रकाशित हुआ है । चिदानन्दजी प्रथम द्वारा निर्मित साहित्य के लिए देखें खरतरगच्छ साहित्य कोश ।

चारित्रनन्दी का बाल्यावस्था का नाम चुन्नीलाल होना चाहिए । काशी में इनका उपाश्रय ज्ञानभण्डार भी था । जो चुन्नीजी के नाम से चुन्नीजी महाराज का उपाश्रय एवं भण्डार कहलाता था । चारित्रनन्दी के पश्चात् परम्परा न चलने से उस चुन्नीजी के भण्डार को तपागच्छाचार्य श्रीविजयधर्मसूरिजी महाराज काशी वालों ने प्राप्त किया और उसे आगरा में विजयधर्मलक्ष्मी ज्ञान मन्दिर के नाम से स्थापित किया । प्रसिद्ध तपागच्छाचार्य श्री पद्मसागरसूरिजी महाराज ने प्रयत्नों से उस विजयधर्मलक्ष्मी ज्ञान मन्दिर, आगरा की शास्त्रीय सम्पत्ति को भी प्राप्त कर लिया जो आज श्री कैलाशसागरसूरि ज्ञान मन्दिर, कोबा को सुशोभित कर रहा है ।

★

(३)

कल्याणचन्द्रगणि

मुनि श्री कल्याणकीर्तिविजयजी ने अनुसन्धान अंक ३७, पृष्ठ १० से १५ तक श्री नवफणापार्श्वनाथस्तव के नाम से एक दुर्लभ एवं अप्रकाशित कृति का सम्पादन कर प्रशस्य कार्य किया है । इस कृति से सम्बन्धित मन्दिर, स्तव, कीर्तिरत्न और कल्याणचन्द्र के सम्बन्ध में जो भी ऐतिह्य सामग्री प्राप्त है, वह निम्न है :-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. **नवखण्डा पार्श्वनाथ मन्दिर** - संघपति मण्डलिक ने इस मन्दिर का निर्माण कराया था और इसकी प्रतिष्ठा विक्रम संवत् १५१५ आषाढ़ वदि १ को श्री जिनभद्रसूरि के पट्टधर भी जिनचन्द्रसूरि ने करवाई थी । संघपति मण्डलिक जयसागरोपाध्याय के बृहद्भ्राता थे । वर्तमान में ये मन्दिर आबू में चौमुखजी के मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध है । वस्तुतः यह मण्डलिक द्वारा निर्मापित मन्दिर खरतरवसही ही है । मन्दिरस्थ मूर्तियों के लेख खरतरगच्छ प्रतिष्ठा लेख संग्रह, लेखाङ्क ५३७ से ५५६ तक प्रकाशित हैं ।

२. **स्तोत्र में छन्द** - अनुसन्धान के पृष्ठ १० में इस स्तोत्र के २२ से २४ पद्य वस्तु छन्द में लिखे हैं, किन्तु यति का उल्लेख नहीं किया है। वस्तुतः वस्तु छन्द प्रसिद्ध नाम है । इसी छन्द के भेदों में चारुसेना-रड्डा छन्द है । यह छन्द ९ चरणों का होता है, प्रारम्भ के पाँच चरण चारुसेना रड्डा के और अन्तिम ४ चरण दोहा के होते हैं । इन चरणों की यति १५, ११, १५, ११, १५ होती है और शेष दोहे के चार चरण होते हैं । इसके प्रथम चरण की प्रथम पंक्ति में ८ अक्षरों की पुनरुक्ति / पुनरावर्तन होता है :-

वंसु उत्तमु वंसु उत्तमु पुहविसुपसिद्ध,
घण-कंचण-घण-रयण, सयणवग्गु उ मग्गमुत्तउ
बहु मन्नइ धुरि नरह, नरवरिंदु आणंदजुत्तउ ।
सामिसलाहण-म(भ?)त्ति इध फलु इत्तलउ लहंति ।
भवियण जिण ! माहप्पु तुह कह मारिस जाणंति ? ॥२२॥

पद्यांक २२-२३-२४ इसी छन्द में हैं ।

प्रशस्ति संस्कृत का छन्द हरिगीत लिखा है । यह मात्रिका छन्द हरिगीता है, चतुष्पदी है, प्रत्येक छन्द में २८ मात्राएँ होती है और यति ९, ७, १२ पर होती है । (देखें महोपाध्याय विनयसागर सम्पादित **वृत्तिमौक्तिक**)

३. **कीर्तिरत्न** - नेमिनाथ महाकाव्य और लक्ष्मणविहारप्रशस्ति जैसलमेर के प्रणेता कीर्तिराज ही कीर्तिरत्नसूरि हैं । इनका अतिसंक्षिप्त परिचय इस प्रकार है :-

शंखवालेचा गोत्रीय देपमल्ल के ये पुत्र थे । विक्रम संवत् १४४९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में इनका जन्म हुआ था । १४६३ में जिनवर्धनसूरि के कर-कमलों से इनकी दीक्षा हुई थी । जिनवर्धनसूरि ने १४७० में इन्हें वाचक पद प्रदान किया था । १४८० में जिनभद्रसूरि ने इनको उपाध्याय पद प्रदान किया था । १४९७ में जिनभद्रसूरि ने ही इनको आचार्य पद प्रदान कर कीर्तिरत्नसूरि नामकरण किया था । संवत् १५१२ में नाकोड़ा पार्श्वनाथ मन्दिर की स्थापना / प्रतिष्ठा भी इनके वरद हस्तों से हुई थी । इनका स्वर्गवास १५२५ वीरमपुर में हुआ था । इसकी १५३६ की प्रतिष्ठित मूर्ति नाकोड़ा पार्श्वनाथ मन्दिर के मूल गर्भगृह के बाहर ही नाकोड़ा भैरवदेव के सामने ही स्थापित है । इनके द्वारा निर्मित साहित्य के लिए देखें म. विनयसागर लिखित- **खरतरगच्छ साहित्य कोश** ।

कल्याणचन्द्र - सम्पादक ने पृष्ठ ११ पर लिखा है :- "कीर्तिरत्नना शिष्य कल्याणचन्द्रे आ स्तवनी रचना करी हशे" स्तव के २५वें पद्य में कवि ने लिखा है-

"श्रीकीर्तिरत्नसुखानि दिशतादिह परत्र पदं परं ।
कल्याणचन्द्रवितन्द्रवदनाकृतिरयं भवतां वरम् ॥२५॥"

कल्याणचन्द्रगणि कीर्तिरत्नसूरि के ही शिष्य थे । संस्कृत और भाषा साहित्य के प्रौढ विद्वान् थे । इनके द्वारा निर्मित कई कृतियाँ प्राप्त होती है। स्वर्गीय श्री अगरचन्दजी भँवरलालजी नाहटा द्वारा सम्पादित **ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह** के पृष्ठ ५१ पर श्रीकीर्तिरत्नसूरि चौपई प्रकाशित हुई है । उसके पद्य १८ में लिखा है :-

'श्री कीर्तिरतन सूरि चउपइ, प्रह उठी जे निश्चल थई ।
भणइ गुणइ तिहि काज सरंति, **कल्याणचन्द्र** गणि भगतिभणंति ॥१८॥'

इनके परिचय के सम्बन्ध में खरतरगच्छ का बृहद् इतिहास पृष्ठ ३५१ और साहित्य निर्माण के लिए देखें खरतरगच्छ साहित्य कोश ।

★

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४)

सम्पादकीय टिप्पणी : चिन्तन

अनुसन्धान अंक ३६ सन् २००६ के अंक में **परयोगीराज श्री आनन्दघनजी अष्टसहस्त्री पढ़ाते थे** शीर्षक लेख प्रकाशित हुआ है उस विद्वान् सम्पादक आचार्य श्री विजयशीलचन्द्रसूरिजी महाराज ने निम्न टिप्पणी लिखी है :-

सम्पादकनी नोंध :

एक बीजी विशिष्ट वात ए नोंधवी छे के अमारा परमगुरु शासनसम्राट विजयनेमिसूरि महाराजनुं चरित्रलेखन करवानो प्रसंग आव्यो, त्यारे तेमना जीवननी दस्तावेजी नोंधनां पृष्ठो फेरवतां एक विलक्षण वात नोंधायेली मळी आवी. ते वात आवी छे : "तपगच्छना धुरन्धर अने उद्भट विद्वान् उपाध्यायश्री धर्मसागरजी महाराज, आनन्दघनजी पासे भगवतीसूत्रनी वाचना लेता हता. पोते दीक्षा तथा वयमां वडील अने आनन्दघन घणा नाना, छतां तेमने पाटला पर बेसाडी पोते विनयपूर्वक सामे बेसीने वाचना लेता हता."

अलबत्त, आ वात दन्तकथा छे के हकीकत, तेनो निर्णय करवानुं कोई साधन नथी ज. परन्तु नेमिसूरिमहाराज पासे परम्परागत आ वात आवी होई ते साव निराधार होय तेम पण मानवुं ठीक नथी.

धर्मसागरजीने भगवतीसूत्र न आवडतुं होय ते तो शक्य ज नथी; पण आनन्दघनजी पासे कोई विलक्षण रहस्यबोध हशे, अने ते कारणे ज आवा वृद्ध पुरुष पण तेमनो लाभ लेवा प्रेराया हशे एम बनवाजोग छे. अस्तु. –शी.]

यह सौभाग्य की बात हो सकती थी कि कल्पसूत्र टीका किरणावलीकार श्री धर्मसागरोपाध्याय जैसे विद्वान् लाभानन्द / आनन्दघनजी के पास भगवतीसूत्र की वाचना लेते थे ।

किन्तु इस कथन में सबसे बड़ा बाधक समय बन रहा है क्योंकि दिग्गज विद्वान् उपाध्याय श्री धर्मसागरजी का साहित्य सर्जनाकाल १७वीं शताब्दी के प्रथम दशक से १६५० तक माना गया है और इनका स्वर्गवास काल संवत् १६५३ । स्व. श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई लिखित जैन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास पृष्ठ ५६३ पैरा नं. ८२१ में लिखा है :- 'धर्मसागरजी खंभात मा संवत् १६५३ कार्तिक सुद ९ ने दिने स्वर्गवास पाम्या ।'

जबकि योगनिष्ठ स्व. श्री बुद्धिसागरसूरिजी महाराज, स्व. श्री मोतीचन्द गिरधर कापड़िया तथा स्व. श्री नाहटा जी ने आनन्दघनजी का समय १६५० से १७३१ तक का माना है । अतः दोनों के समय में व्यवधान पैदा होता है ।

यदि हम पूज्य शासन सम्राट् के कथन को स्वीकार करें तब किसी अन्य धर्मसागर की खोज करनी होगी जो कि उस समय में उपलब्ध नहीं थे । अतः सम्पादक के लेखानुसार इसे दन्तकथा या श्रुति-परम्परागत स्वीकार करना ही अधिक उपयुक्त होगा, पाठक स्वयं निर्णय करें । तत्त्वं तु गीतार्थगम्यम् अथवा सुज्ञेषु किं बहुना ।

ठि. प्राकृत भारती
१३-A, मेन मालवीय नगर
जयपुर (राजस्थान)

★

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विहंगावलोकन

– उपा. भुवनचन्द्र

'अनुसन्धान'ना ३७मा अंकमां जैन श्रमणोनी प्रायश्चित्तविधिना सारसंक्षेप जेवी बे प्राकृत रचनाओ प्रसिद्ध थई छे. श्रमणसंघमां प्रायश्चित्तविधि केवी दृढमूल अने सुप्रथित हती तेनुं प्रतिबिम्ब आ रचनाओमां जोई शकाय छे. प्रथम कृति– 'पञ्चकपरिहाणि'–ना कर्ता गच्छपति आचार्य छे. विषय अने भाषा परनुं प्रभुत्व तो नोंधपात्र छे ज, विशेष ध्यानार्ह तो छे कर्तानी निर्भार अभिव्यक्ति, प्रफुल्ल रसदृष्टि, प्रायश्चित्त जेवा विषयनी काव्यात्मक रजुआत जे रीते आमां थई छे तेमां साधुहृदय अने कविहृदयनो मनोहर संयोग आपणने जोवा मळे छे. विधिनिषेधोथी रसिकता मुरझाई ज जाय एवो नियम नथी ए आनो सारांश.

'पञ्चकपरिहाणि'मां गा. २मां 'पंचगण०' छपायुं छे त्यां ण वधारानो छे – लिपिकार अथवा सम्पादकना हस्ते अनवधानवश प्रवेश्यो जणाय छे. गा. ११मां 'परिहाणी'ने बदले 'पणिहाणी' लखायुं छे. वर्णसादृश्यना कारणे आवी गरबड़ो बोलवामां थती होय छे तेम, लखवामां पण थाय छे, तेनुं आ सरस उदाहरण छे. गा. ८मां 'समयरकटा' प्रेसदोषथी थयुं छे, मूळ शब्द 'समयक्खय' होवानो सम्भव.

'पञ्चकपरिहाणि' गोचरीना दोषोनी प्रायश्चित्तविधि जणावे छे. 'आलोचणाविहाण' हरेक प्रकारनी आलोयणा-प्रायश्चित्त-अंगेनी सामान्य विधि बतावे छे. सम्पादके नोंध्युं छे के हस्तप्रतमां आ बे कृतिनी साथे प्रायश्चित्तोनी छूटक नोंधो पण छे. आना परथी कल्पना एवी पण आवे के कोई विद्वान गीतार्थ मुनिवरे आलोचना सम्बन्धित साहित्य एकत्र कर्युं होय.

आठ भाषाओमां रचायेल नवफणा पार्श्वनाथ स्तोत्र भक्तिरस अने काव्यरस बन्नेथी परिपूर्ण अने विद्वत्ताथी विभूषित रचना छे. मागधीभाषाना श्लोकोनो छन्द मालिनी ज छे, मात्र तेमां एक यगणना छेल्ला गुरुवर्णनी जग्याए बे ह्रस्व-लघु वर्ण प्रयोजाया छे. मात्रा मेळ छन्दोनी परम्परा आ रीते ज शरू थई हशे ने ?

श्लोक ९ नुं चोथुं चरण आ रीते वांचवाथी अर्थ बेसी शके छेः दुक्खा उ किं न भुजगं व समुद्धरेसि. श्लोक. २४ मां 'कट्ठउ' मां उ वधारानो जणाय छे.

'हयाटाखाट' काव्य कौतुक ऊपजावनारुं छे. संस्कृत भाषानी शब्दसर्जनक्षमतानो श्रेष्ठ नमूनो गणावी शकाय एवुं काव्य छे.

'सूक्तिद्वात्रिंशिका' एक रसप्रद कृति छे. सम्पादके आनी भाषा अपभ्रंशप्रधान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लोकबोली गणावी छे किंतु आ रचना प्रादेशिकभाषाओ स्थापित थया पछीना समयनी छे, उच्चारभेदवाळी अवधी के व्रजभाषा होई शके. कवि जैन मुनि छे तेथी संस्कृत-प्राकृतनो प्रभाव पण तेमां जोवा मळे ए सहज छे, उपरांत अरबी-फारसी सुद्धांनो प्रभाव पण आमां छे : गरीबनिवाज़, चीज़, रुख जेवा शब्दो अन्य भाषानां छे. कर्ताए 'सुदंतबत्रीसी' पण रची छे-एम ३३मा दोहानी वृत्तिमां कर्ताए जणाव्युं छे.

शब्दोनी सूचिमां सम्पादके 'रुषि'=कृपा एवो अर्थ नोंध्यो छे. रचनामां आ शब्द ३-८, १० दोहामां वपरायो छे. 'रुष'=रुख एम वांचवानुं छे. दो. १०नी वृत्तिमां कर्ताए 'रुख'नो अर्थ आप्यो ज छे : 'रुखशब्देन मनःपरिणतिः चित्तेच्छेति.' अर्थात् रुख एटले मनोभाव, वलण, लागणी एवो सामान्य अर्थ लेवानो छे. पछी कृपा जेवो विशेषार्थ लक्षणा द्वारा लई शकाय - जेम दो. ४ नी वृत्तिमां लीधो छे. दो. १३नी वृत्तिमां 'तथाऽनुक्तमपि' छपायुं छे. अनुक्त शब्द अहीं अर्थसंगत नथी. 'तथाऽवक्रमपि' एवो पाठ संगत बने. १४नी उत्थानिकामां '०ठन्तरदोधके' ने स्थाने '०नन्तरदोधके' ठीक लागे छे. दो. १७नी वृत्तिमां 'परं काङ्क्षिद्' पाठ छे पण सन्दर्भ अनुसार 'परं न काङ्क्षिद्' जोइए. दो २४मां 'समदुहु' छे त्यां 'सम दुहु' एम छूटुं समजवुं. वृत्तिमां 'सनः' छपायुं छे ते मुद्रणदोष छे, 'समः' वांचवुं. दो. ३२मां 'सुधासद भाउ' एय छपायुं छे, ते वाचनभूल लागे छे. अर्थानुसार 'सुधासुभाउ' शब्द अहीं होवो घटे.

'मेदपाटतीर्थमाल'ना सम्पादके लेखनी भूमिकामां मेवाडनां तीर्थोनी कृतिगत विगतोनी साथे साथे ते ते तीर्थोनी वर्तमान विगतो पण आपी छे - आ तेमना श्रम अने प्रेमनुं फल छे. भव्य भूतकालनी सामे वर्तमान मेवाडनी तुलना करतां सम्पादक भावुक बन्या विना रही शक्या नथी. श्लो. १९मां एक तीर्थनुं नाम नचेपुर (?) कल्प्युं छे परंतु श्लोकमां एवुं नाम नथी. 'नाम्नार्थेन च या पुरे०' एवो पाठ छे संस्कृतमां 'या'नो अर्थ शुं थाय छे ते जोवानुं साधन हमणां हाथवगुं नथी. 'या'नो अर्थ लक्ष्मी थतो होय तो 'यापुर' नाम कल्पी शकाय अने नामथी तथा अर्थथी पण ए नाम बेसे. यापुर-जापुर-जाउर-जावरा एवी कल्पना पण करी शकीए. श्लो. ६मां 'श्री ईशपल्लीपुरनिश्चलासनम्' पाठ सम्भवित छे.

आ अंकमां गीताना विश्वरूपदर्शन अने जैन तत्त्वज्ञाननी तुलनात्मक चर्चा करतो एक अभ्यासलेख पण छपायो छे. लेखिकाए जैनदर्शननो दृष्टिकोण सारी रीते रजू कर्यो छे.

जैन देरासर, नानी खाखर, कच्छ : ३७०४३५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माहिती-१

भारतीय योग परम्परा के परिप्रेक्ष्य में जैन योग विषयक त्रिदिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का पहली बार आयोजन

भोगीलाल लहेरचंद भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर तथा श्री जैन श्वेताम्बर नाकोडा पार्श्वनाथ तीर्थ ट्रस्ट के संयुक्त तत्त्वावधान में ७, ८ व ९ दिसम्बर २००६ को नई दिल्ली स्थित इण्डिया इन्टरनेशनल सेन्टर में भारतीय योग परम्परा के परिप्रेक्ष्य में जैन योग विषयक त्रिदिवसीय अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ, इसमें देश-विदेश के ६० से अधिक विद्वान सम्मिलित हुए तथा २६ विद्वानों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए. ७ दिसम्बर को कार्यक्रम का प्रारम्भ सुश्री दीपशिखा के द्वारा नवकार मन्त्र तथा मङ्गलाचरण से हुआ. मुख्य अतिथि स्वामी वेदभारती ने अपने अध्यक्षीय प्रवचन में कहा कि जैन योग भारत की अन्य परम्पराओं में अल्पश्रुत है अतः जैन योग की गौरवमयी परम्परा से इस संगोष्ठी के द्वारा हम परिचित हो सकेंगे. सुप्रसिद्ध समालोचक एवं साहित्यकार प्रो. नामवर सिंह ने कहा कि प्राकृत भाषा की हमारे देश में बड़ी उपेक्षा हुई है जब कि विदेशों में लोगों का इस ओर बड़ा रुझान हैं. भारत की भाषा को ही भारत में आज लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता खड़ी हुई है।

संस्थान के अध्यक्ष श्री निर्मल भोगीलाल ने आधुनिक विश्व में व्यवसाय के क्षेत्र में भी योग के महत्त्व पर बल दिया. उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्रप्रकाशजी जैन ने अभ्यागत विद्वानों का स्वागत किया तथा श्री प्रकाशचंद वडेरा, अध्यक्ष, नाकोडा तीर्थ ने नाकोडाजी ट्रस्ट द्वारा हो रहे शैक्षणिक तथा सामाजिक कार्यों का वृत्तान्त प्रस्तुत किया. आत्मवल्लभ जैन स्मारक शिक्षण निधि के महासचिव श्रीराजकुमार जैन ने वल्लभ स्मारक परिसर में निधि द्वारा संचालित हो रही प्रवृत्तियों से उपस्थित महेमानों को परिचित करवाया.

प्रो. क्रिस्टोफर के. चैपेल ने अपने चाबीरूप प्रवचन में भारतीय योग परम्परा के परिप्रेक्ष्य में जैन योग का विस्तृत सर्वेक्षण प्रस्तुत किया. सर्वप्रथम आयोजित इस प्रकार की विशिष्ट संगोष्ठी का केन्द्रबिन्दु जैन योग तथा इसका अन्य परम्पराओं के साथ तुलनात्मक अध्ययन था. इस संगोष्ठी में प्रमुख रूप

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से प्रो. क्रिस्टोफर चैपल, प्रो. लॉरा कार्नेल, प्रो. पिओत्र बल्कोविज, समणी कुसुमप्रज्ञाजी, समणी मल्लिप्रज्ञाजी, प्रो. मुल्कराज मेहता, प्रो. विमला कर्णाटक, प्रो. कोकिला शाह, प्रो. शशिप्रभाकुमार, प्रो. दयानन्द भार्गव आदि ने विशेष रूप से अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए. इस कार्यक्रम में युवा जैन मुनि विद्वान गणिवर्य श्री यशोविजयजी म.सा., स्वामीनारायण सम्प्रदाय के षड्दर्शनाचार्य साधु श्री श्रुतिप्रकाशस्वामी तथा जैन विश्वभारती की वाईसचान्सलर समणी श्रीमङ्गलप्रज्ञाजी की ओर से भी शोधपत्र प्रेषित किये गए थे जो उनके प्रतिनिधियों द्वारा पढ़े गयें. अन्तिम दिन संगोष्ठी का समापन अहमदाबाद स्थित लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृतिविद्यामन्दिर के निदेशक डॉ. जे.बी. शाह के उद्बोधन से हुआ. आपश्री ने जैन योग पर आयोजित विद्वानों की इस संगोष्ठी की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा इसे आयोजित करने हेतु संस्थान की अनुमोदना की. धन्यवाद प्रदान करते हुए उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्रप्रकाश जैन ने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है तथा आगे हमें अभी तक जैन योग के जिन क्षेत्रों में कार्य नहीं हुआ है उनकी खोज करनी है. प्रो. दयानन्द भार्गव आदि विद्वानों ने इस प्रकार के प्रथम आयोजन की सराहना करते हुए संस्थान की प्रगति की कामना की.

११वां आचार्य हेमचन्द्रसूरि पुरस्कार प्रदान समारोह सम्पन्न :

भोगीलाल लहेरचंद इन्स्टिट्यूट ऑफ इण्डोलॉजी तथा जसवंता धर्मार्थ ट्रस्ट के संयुक्त तत्त्वावधान में प्रो. मधुकर अनन्त महेन्दले (पूना) को ग्याहरवें आचार्य हेमचन्द्रसूरि पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार प्रतिवर्ष प्राकृत भाषा के समर्पित विद्वान को उसके अद्वितीय योगदान के लिए जसवंता धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा दिया जाता है. इस पुरस्कार में रू. ५१,०००/- की नगद राशि, आचार्य हेमचन्द्र की स्वर्ण मण्डित प्रतिमा तथा प्रशस्तिपत्र तथा शाल आदि सम्मिलित है. वर्ष २००५ के लिए इस पुरस्कार से प्रो. मधुकर अनन्त महेन्दले को स्वामी श्री वेदभारतीजी द्वारा सन्मानित किया गया. इस अवसर पर भाषाविद् प्रो. नामवर सिंह ने प्रो. महेन्दले की उपलब्धियों तथा गुणों पर प्रकाश डाला. प्रो. मधुकर महेन्दले भाण्डारकर ओरियन्टल रीसर्च इन्स्टिट्यूट, पूना में ८९ वर्ष की आयु में आज भी कार्यरत हैं. प्राकृत भाषा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माहिती - २

नवां प्रकाशनो

(१) **उपदेशमाला** कर्ता : श्रीधर्मदासगणि; टीका : **हेयोपादेया** कर्ता : श्रीसिद्धर्षिगणि; सं. आ. विजयप्रद्युम्नसूरि; सम्पादनसहयोग : साध्वी चन्दनबालाश्री; प्र. श्रुतज्ञान प्रसारक सभा, अमदावाद, सं. २०६२; मूल्य रू. १५०/-

विभिन्न ६ हाथपोथीओना आधारे पुनः सम्पादित करीने आ टीका प्रकाशित करवामां आवी छे. आ ग्रन्थ (टीकाग्रन्थ) पूर्वे प्रकाशित थयेल होवानो 'सम्पादकीय' लखाणमां उल्लेख छे, पण कोणे अने क्यारे ते सम्पादन/ प्रकाशन करेल छे, तेनो निर्देश नथी. ते प्रकाशनमां रही गयेल त्रुटिओ-अशुद्ध अथवा त्रुटित पाठो-नुं संशोधन आ सम्पादनमां करवामां आव्युं छे, ते आ प्रकाशननी महत्त्वपूर्ण विशेषता छे. जो आवा पाठसंशोधननां एक-बे उदाहरणो सम्पादकीय निवेदनमां क्यांक दर्शावायां होत तो विशेष प्रतीतिकर बनत.

पाछळ मूकेलां ४ परिशिष्टो ग्रन्थनी उपयोगिता वधारी दे तेवां छे. तेमां चोथा परिशिष्टमां आना पूर्व-प्रकाशननी माहिती नोंधी छे.

(२) Catalogue of the Jain Manuscripts of the British Library : Vol. 1,2,3. by Nalini Balgir, K.V.Sheth, K.K.Sheth, C.B. Tripathi. प्रका. The British Library & The Institute of Jainology, London, 2006.

ब्रिटिश लायब्रेरी, ब्रिटिश म्यूजियम तथा विक्टोरिया एन्ड अल्बर्ट म्यूजियम, लण्डन-स्थित आ बधी संस्थाओमां संग्रहायेल जैन ग्रन्थोनी हस्त-प्रतिओनुं विस्तृत अने वर्णनात्मक सूचिपत्र आ त्रण ग्रन्थोमां उपलब्ध थयेल छे.

२५४ पृष्ठनो प्रथम भाग, सूचिपत्रगत प्रतिओ विषेनी दस्तावेजी जाणकारी पूरी पाडे छे. तेमां प्रारम्भे १६ प्लेट्स पण आपेल छे, जेमां ते संग्रहगत सचित्र प्रतोमांथी पसंद करेल चित्रो छापेल छे. उत्तम मुद्रण केवुं होय तेनो आ जोतां ख्याल आवे. आ भागमां हस्तप्रतोनुं संक्षिप्त सूचिपत्र पण आप्युं छे अने तेनां विविध वर्गीकरणो, Tables वगेरे पण छे. कोई कुशल अभ्यासी द्वारा आनी समीक्षा करावववानुं मन थाय छे.

भाग २ मां ४९१ भाग ३ मां ५३२ पानां छे. बीजो भाग आखो तथा भाग ३नां ३३२ पानां श्वेताम्बर साहित्य माटे रोकायां छे. त्यार पछीनो अंश दिगम्बर साहित्य माटे रोकायेल छे.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रत्येक प्रतनुं विस्तृत भौतिक वर्णन, प्रतिनी लखावटनुं तथा तेमां उपयुक्त रंगो वगेरेनुं वर्णन, ग्रन्थनो प्रारम्भ भाग (रोमन अक्षरोमां तथा डायाक्रिटिकल मार्क्स साथे), टीका होय तो तेनो प्रारम्भाग, ग्रन्थनी प्रशस्ति तथा पुष्पिका, ग्रन्थनो स्रोत, ग्रन्थना अन्य सन्दर्भ तथा विशेष नोंध - लगभग आ रीते सूचीकरण थयुं छे, जे अभ्यासी जनो माटे सन्दर्भनुं जबरुं भातुं पूरुं पाडे तेम छे.

मजबूत पाका बाइन्डिगवाळा आ ३ ग्रन्थो एक मजबूत Box मां उपलब्ध छे. भारतमां तेनुं मूल्य पांचेक हजार छे, तेम जाणवा मळे छे.

आ ग्रन्थोनो झीणवटभर्यो अभ्यास करवाथी ए ख्याल आवे के आपणुं केटलुं बधुं मूल्यवान सांस्कृतिक धन विदेशीओ लई गया छे ! अने तेमना कबजामां ते अद्यावधि केटलुं सुरक्षित पण रह्युं छे !

मळेली जाणकारी मुजब, आ अंग्रेज लोको, पोताने त्यांना ग्रन्थोनी झेरोक्स नकल कदापि करता नथी के करी आपता नथी, करवा देता नथी. 'तेनाथी कृतिने नुकसान थाय ज' तेम तेओ माने छे. उपरांत, एवां कोई पण उपकरणनो उपयोग तेओ पोथीओ परत्वे करवा तैयार नथी थता, जेनाथी पोथीओने जराक पण नुकसान थवानी शक्यता होय. डिजिटाइज नकलो करवा माटे पण तेओ झाझा उत्साहित न होवानुं जाणवा मळे छे.

आनी साथे आपणे त्यां जे चाले छे - अंधाधूंध, ते तो डघावी ज मूके तेवुं छे. ताडपत्र प्रतनी पण झेरोक्स काढीए छीए आपणे ! कागलनी प्रतनुं तो पूछवुं ज नहि ! केटलीये प्रतोने केवुं अकल्प्य नुकसान थतुं हशे आ बधांथी ? केमेरानी Heat पण केटली बधी लागती हशे ? छतां आ बधुं करी-करावीने आपणे एम मानीए के अमे तो शास्त्ररक्षा करीए छीए ! अस्तु. विदेशीओ पासेथी आपणे घणुं घणुं शीखवानुं छे हजी, एम कहेवामां अत्युक्ति नथी.

★

३. कूर्मशतकद्वयं कर्ता : राजा भोजदेव; सं. आर. पिशेल; इंग्लिश अनुवादादि **:** डॉ. वी.एम.कुलकर्णी; प्र.ला.द. भा.सं. विद्यामन्दिर, अमदावाद; ई. २००३

प्राकृत भाषामां गाथाबद्ध आ बे शतकोनो विषय कूर्मावतार छे. सरल, सरस, प्राञ्जल पद्यरचना एक राजवीनी सर्जनक्षमता परत्वे मान उपजावे तेवी छे. सुन्दर प्रकाशन.

★

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



૧૯મા જૈન તીર્થંકર મલ્લિનાથની સ્ત્રીસ્વરૂપ પ્રતિમાનો પૃષ્ઠભાગ
સમ્ભવત: ૧૭મો શતક : ઘુના (મ.પ્ર.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org